# राजस्थान विधान सभा

## (सोलहवीं विधान सभा)

## तृतीय सत्र

## तारांकित प्रश्नों की सूची

## शुक्रवार, दिनांक 21 मार्च, 2025

## कुल संख्या-24

| | |
|---|---|
| उप मुख्य मंत्री (उच्च शिक्षा) | 03 |
| कृषि मंत्री | 04 |
| शिक्षा मंत्री | 02 |
| जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री | 03 |
| जल संसाधन मंत्री | 03 |
| सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री | 03 |
| सहकारिता राज्य मंत्री | 03 |
| नगरीय विकास राज्य मंत्री | 03 |

### डग विधान सभा क्षेत्र में संचालित महाविद्यालय

469. (920/उच्च शिक्षा) श्री कालूराम (31) - क्या उच्च शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार जिला झालावाड़ में नवीन राजकीय महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) विधान सभा क्षेत्र डग में वर्तमान में कितने राजकीय महाविद्यालय संचालित हैं? उक्त में कौन-कौनसे संकाय संचालित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## गढ़ी विधान सभा क्षेत्र में तारबंदी व पॉली हाउस के आवेदन

470. (7134/कृषि)
श्री कैलाशचन्द्र मीणा (37) - क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) विधान सभा क्षेत्र गढ़ी में वर्ष 2023-24 में तारबंदी एवं पॉली हाऊस के कितने आवेदन प्राप्त हुए? उक्त में से कितने स्वीकृत किये गये तथा कितने लम्बित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त विधान सभा क्षेत्र में उद्यानिकी की कौन-कौनसी योजनाएं संचालित हैं? उक्त योजना में वर्ष 2023-24 में कितने आवेदन प्राप्त हुए तथा कितनों को लाभान्वित किया गया? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) विधान सभा क्षेत्र गढ़ी में वर्ष 2023-24 में सौर ऊर्जा के कृषि कनेक्शन के लिये कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं? उक्त में से कितनों को लाभान्वित किया गया तथा कितने लम्बित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## माण्डल विधान सभा क्षेत्र के विद्यालयों के भवनों का जीर्णोद्धार

471. (8339/शिक्षा)
श्री उदयलाल भड़ाना (22) क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) विधान सभा क्षेत्र माण्डल में कितनें विद्यालयों के भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं? क्या सरकार उक्त भवनों का जीर्णोद्धार करवाने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि उक्त विधान सभा क्षेत्र के कई विद्यालयों में भवन के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों हेतु दूसरे स्थान पर भवन बनाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

## प्रदेश में जल जीवन मिशन योजना पर व्यय राशि

472. (1092/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी) श्री गणेश घोगरा (39) क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) विधान सभा क्षेत्र डूंगरपुर की किन-किन ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन योजना का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा किन-किन में उक्त कार्य किन कारणों से अधूरा है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) सरकार द्वारा उक्त अधूरे कार्यों को कब तक पूर्ण करवा दिया जायेगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) उक्त विधान सभा क्षेत्र में उक्त योजना अन्तर्गत अब तक कितनी राशि व्यय की जा चुकी है? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

## पांचना बांध निर्माण से गंभीर नदी की बहाव क्षमता पर प्रभाव

473. (8440/जल संसाधन) श्रीमती ऋतु बनावत (24) क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि प्रदेश की गंभीर नदी बारहमासी नदी है? यदि हां, तो क्या वर्तमान में इस नदी में बारह महीने पानी का बहाव होता है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या पांचना बांध बनने से गंभीर नदी का बारहमासी स्वरूप समाप्त हो गया है? यदि हां, तो क्या सरकार गंभीर नदी को बारहमासी नदी का पुराना स्वरूप लौटाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## प्रदेश में दिव्यांगों को आरक्षण

474. (4706/कार्मिक) श्री फूल सिंह मीणा (98) - क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या यह सही है कि केन्द्र सरकार की तर्ज पर प्रदेश में भी दिव्यांगों को 2016 से पदोन्नति में काल्पनिक आरक्षण देने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सहकारी समितियों में व्यवस्थापकों की भर्ती

475. (5187/सहकारिता) श्री सुभाष मील (179) क्या सहकारिता राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

क्या प्रदेश में सहकारी समितियों में भर्ती नहीं होने के कारण संविदा कार्मिकों को कार्य नियोजन कर रखा है, जिससे कार्य सुचारू रूप से नहीं हो रहा है? क्या सरकार व्यवस्थापकों की भर्ती करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## निम्बाहेड़ा नगरपालिका द्वारा सड़क निर्माण

476. (1892/स्वायत्त शासन) श्री श्रीचन्द कृपलानी (168) - क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि नगरपालिका निम्बाहेड़ा द्वारा विगत पांच वर्षों में विभिन्न सड़कों का निर्माण, पुनर्निमाण एवं दुरूस्तीकरण का कार्य कराया गया है? यदि हां, तो कहां-कहां पर कौन-कौनसे कार्यों पर कितनी राशि व्यय की गई? वार्डवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह भी सही है कि उक्त सड़कें वर्तमान में क्षतिग्रस्त हैं? यदि हां, तो कौन-कौनसी सडकें? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरूस्त कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## ओसियां विधान सभा क्षेत्र में ग्रामीण बस सेवा

477. (6297/परिवहन) श्री भैरा राम चौधरी (सियोल) (108) क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र ओसियां के ग्रामीण क्षेत्रों में निगम बस सेवा से वंचित ग्राम पंचायतों में ग्रामीण बस सेवा चालू करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि जोधपुर-भेड़ वाया मांडियाई खेतासर ग्रामीण बस सेवा को बंद कर दिया गया? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त बस सेवा को पुनः संचालित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि सरकार के स्तर पर विभाग में नई रोड़वेज बसें उपलब्ध कराने का प्रस्ताव लंबित है? यदि हां, तो नई बसों को कब तक उपलब्ध करा दिया जाएगा? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## लाडपुरा विधान सभा क्षेत्र में फसल खराबे का मुआवजा

478. (8091/आपदा प्रबन्धन) श्रीमती कल्पना देवी (28) क्या आपदा प्रबंधन एवं सहायता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) विधान सभा क्षेत्र लाडपुरा में मानसून 2024 में अतिवृष्टि के कारण कौन-कौनसी ग्राम पंचायतों में कितना-कितना फसल खराबा हुआ? क्या उक्त खराबे की गिरदावरी कराई गई है? यदि हां, तो गिरदावरी के अनुसार काश्तकारों को मुआवजा राशि का भुगतान किया जा चुका है? यदि नहीं, तो क्यों?

(2) क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र लाडपुरा में वर्ष 2022-23 में रबी एवं खरीफ की फसल खराबे से प्रभावित काश्तकारों का मुआवजा राशि का भुगतान किया जाना शेष है? यदि हां, तो कौन-कौनसी ग्राम पंचायतों के, कितने काश्तकारों का? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) सरकार द्वारा उक्त शेष मुआवजे का भुगतान कब तक कर दिया जायेगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या उक्त अवधि में मकानों एवं दुकानों को भी नुकसान हुआ था? यदि हां, तो क्या उनको कोई मुआवजा दिया गया? यदि हां, तो कितनों को कितनी राशि का? यदि

नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला अलवर में गुणवत्ता परीक्षण में विफल सड़कें

479. (6978/ग्रामीण विकास (रोजगार गारन्टी योजना) श्री देवी सिंह शेखावत (81) __क्या ग्रामीण विकास (रोजगार गारन्टी योजना) मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) पूर्ववर्ती सरकार के समय अलवर में राज्य स्तर की निरीक्षण टीम को माह नवम्बर 2022 में गुणवत्ता परीक्षण में विफल पाई गयी सड़कों की सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि गुणवत्ता परीक्षण में विफल पाई गयी उक्त सड़कों का भुगतान संबंधित कार्यकारी संस्थाओं को किया जा चुका है? यदि हां, तो दोषी अधिकारी/कर्मचारियों पर की गई कार्यवाही व वसूली राशि का विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह भी सही है कि नरेगा आयुक्त कार्यालय की ओर से उक्त सड़कों की वसूली के संबंध में जिला परिषद अलवर को लिखित निर्देशों के पश्चात भी अब तक राशि वसूलने की कोई कार्यवाही नहीं की गई है? यदि हां, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सागवाड़ा में जल जीवन मिशन के तहत कार्य

480. (590/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी) श्री शंकर लाल डेचा (158) __क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है सागवाड़ा में खण्ड कर्यालय खोलने के उपरान्त भी जल जीवन मिशन के कार्य वृहद परियोजना के तहत उदयपुर से संचालित हैं? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि उक्त परियोजना के अन्तर्गत जिन गांवों में कार्य चल रहा है, उनमें कई मौहल्ले छोड़ दिए गये एवं कार्यों में घटिया गुणवत्ता की शिकायतें भी प्राप्त हुई हैं? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त की जांच करवाकर दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व

नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## धौलपुर जिले की कालीतीर योजना का कार्य

481. (1583/सिंचित क्षेत्रीय विकास) श्री रोहित बोहरा (139) ___ क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि धौलपुर जिले की कालीतीर योजना की निविदा जारी हो चुकी है? यदि हां, तो कब व कितनी राशि की? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) वर्तमान में उक्त योजना का कितना कार्य पूर्ण हो चुका है तथा कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जायेगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## प्रदेश में गठित बोर्डों के संचालन हेतु बजट का आवंटन

482. (4876/सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) श्री चुन्नीलाल सी.एल.प्रेमी बैरवा (52) ___ क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या विगत सरकार द्वारा राजस्थान राज्य बालीनाथ बोर्ड, राजस्थान राज्य मेघवाल कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य जाटव कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य वाल्मिकी कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य केवट कल्याण बोर्ड सहित कई अन्य आयोग एवं बोर्ड गठित करने की घोषणा की गई थी? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार द्वारा उक्त आयोग व बोर्डों का गठन कर इनमें अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों तथा अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है? यदि नहीं, तो क्यों?

(3) क्या सरकार द्वारा उक्त आयोग एवं बोर्डों के संचालन के लिए बजट उपलब्ध करवाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक?

## अंता विधान सभा क्षेत्र में सहकारी समितियों के गोदाम

483. (3276/सहकारिता) श्री कंवर लाल (26) ___ क्या

सहकारिता राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

विधान सभा क्षेत्र अंता में कितनी ग्राम सेवा सहकारी समितियों के गोदाम बने हुए हैं तथा गोदाम विहीन समितियों के गोदाम कब तक बना दिए जाएंगे? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## कोटा के मथुराधीश जी मंदिर का विकास

484. (1746/नगरीय विकास एवं आवासन) श्री संदीप शर्मा (172) क्या नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि कोटा में मथुराधीश जी मंदिर के कॉरीडोर विकास एवं हेरिटेज विकास के लिए कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा संशोधित डीपीआर तैयार की जा रही है? यदि हां, तो पूर्व में किन-किन कार्यों के लिए, कितनी राशि की डीपीआर तैयार की गई थी तथा अब उसमें कितनी-कितनी राशि के, कौन-कौन से कार्य और सम्मिलित किये गये?

(2) क्या यह सही है कि उक्त मंदिर तक के मार्ग की चौड़ाई अत्यन्त कम है? यदि हां, तो क्या प्रस्तावित कॉरीडोर में सड़क को चौड़ा करने, वैकल्पिक मार्ग बनाने और पार्किंग का स्थान उपलब्ध करवाये जाने की योजना है? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या उक्त मंदिर वल्लभ कुल सम्प्रदाय की प्रथम पीठ होने से पूरे देश के श्रद्धालु यहां आते हैं? यदि हां, तो क्या सरकार श्रद्धालुओं हेतु आवास आदि की व्यवस्था करने का विचार रखती है?

## हरजी (जालौर) में आयुर्वेद औषधालय की स्थापना

485. (3113/आयुर्वेद) श्री छगन सिंह राजपुरोहित (54) क्या आयुर्वेद मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) जिला जालौर में कुल कितने आयुर्वेदिक औषधालय संचालित हैं? विधान सभावार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि गाँव हरजी में आयुर्वेदिक औषधालय के अभाव में मरीजों को इलाज हेतु अन्य औषधालयों में जाना पड़ता है? यदि हां, तो क्या सरकार हरजी कस्बे में आयुर्वेदिक औषधालय खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला श्रीगंगानगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी

486. (148/ग्रामीण विकास) श्री डूंगरराम गेदर (72) ___क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) जिला श्रीगंगानगर में प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित पात्र व्यक्तियों का संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) विधान सभा क्षेत्र सूरतगढ़ में पात्र व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास योजना कब तक उपलब्ध करवा दी जावेगी?

(3) तहसील सूरतगढ़ में जनवरी, 2024 से दिसम्बर, 2024 तक कितने व्यक्तियों को समस्त किश्तों का भुगतान कर प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध करवाए गए? उक्त में से कितने लाभार्थियों को समस्त किश्तें दे दी गई हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## मसूदा विधान सभा क्षेत्र में संस्कृत विद्यालयों में रिक्त पद

487. (8812/संस्कृत शिक्षा) श्री विरेन्द्र सिंह (मसूदा) (154)___ क्या संस्कृत शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) विधान सभा क्षेत्र मसूदा में वर्तमान में कितने संस्कृत विद्यालय संचालित हैं तथा उक्त में से कितने पद रिक्त हैं? सरकार द्वारा उक्त रिक्त पदों को कब तक भर दिया जायेगा?

(2) क्या सरकार उक्त विधान सभा क्षेत्र में नवीन संस्कृत विद्यालय खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला बाड़मेर में जल जीवन मिशन योजना के तहत कार्य

488. (4374/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी) डॉ. प्रियंका चौधरी (96) —क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) जिला बाड़मेर में विगत पांच वर्षों में जल जीवन मिशन योजना के तहत दिसम्बर, 2024 तक कितना बजट स्वीकृत किया गया है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) विधान सभा क्षेत्र बाड़मेर में उक्त योजना के तहत कितने कनेक्शन दिये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था तथा अब तक कितने कनेक्शन जारी किये जा चुके हैं? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) उक्त योजना में जिला बाड़मेर में कितना बजट व्यय कर कितना प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है तथा कितना कार्य अभी शेष है? विधान सभावार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) विधान सभा क्षेत्र बाड़मेर में उक्त योजना की धीमी गति के क्या कारण हैं? सरकार उक्त कार्यों को कब तक पूर्ण करवाने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## भोपालगढ़ के बांधों व तालाबों का रख-रखाव

489. (4744/जल संसाधन) श्रीमती गीता बरबड़ (41) —क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) विधान सभा क्षेत्र भोपालगढ़ में कितने बांध, तालाब एवं झीलों का रख-रखाव विभाग द्वारा किया जा रहा है? गांववार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या प्रदेश में बांध, तालाब व झीलों की मरम्मत, नवीनीकरण एवं पुनरूद्धार हेतु केन्द्र सरकार की कोई योजना संचालित है? यदि हां, तो उक्त विधान सभा क्षेत्र में ऐसे कितने बांध, तालाब एवं झीलों को कितनी राशि जारी कर उक्त कार्य करवाये गये? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## प्रदेश में बहु दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु आरक्षण

490. (5743/सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) डॉ. शिखा मील बराला (162) क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (राजस्थान 2018) की धारा, 34 में वर्णित बहु विकलांगता आरक्षण प्रावधान में योग्य बहु दिव्यांग अभ्यार्थी हेतु कितनी दिव्यांगताओं का संयोजन होना आवश्यक है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) बहु दिव्यांग (एमडी) आरक्षण की स्पष्ट व्याख्या का विवरण सदन की मेज पर रखें।

## फसल खरीद केन्द्रों पर किसानों हेतु सुविधा

491. (3954/सहकारिता) श्रीमती सुशीला रामेश्वर डूडी (185) क्या सहकारिता राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य खरीद केन्द्रों पर किसानों के लिये भोजन, पानी, चिकित्सा आदि की व्यवस्था की जाती है? यदि हां, तो विधान सभा क्षेत्र नोखा की क्रय-विक्रय सहकारी समिति पांचू व नोखा के खरीद केन्द्रों पर खरीफ 2024 की मूंगफली खरीद के दौरान की गयी उक्त व्यवस्थाओं पर हुये व्यय का विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) सरकार द्वारा फसल खरीद केन्द्रों पर भण्डारण एवं बारदाना की व्यवस्था किस आधार पर की जाती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## नगरपालिका भीम व देवगढ़ में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण

492. (3145/स्वायत्त शासन) श्री हरिसिंह रावत (193) क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) नगरपालिका भीम व देवगढ़ में कहां-कहां पर सरकारी/बिलानाम भूमि पर अतिक्रमण कर अतिक्रमणियों द्वारा निर्माण कार्य कर रखा है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त अतिक्रमणों को हटाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

**विधान सभा भवन,**
**जयपुर ।**
**दिनांक : 11 मार्च, 2025**

**भारत भूषण शर्मा,**
**प्रमुख सचिव**